# AMAR UJALA

Page No. 06 (Gzb.) Date. 10th July 2019


## आईटीएस डेंटल कॉलेज में फेशियल एस्थेटिक्स पर कार्यक्रम




गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में पेरियोडोंटोलॉजी विभाग की ओर से 8 और 9 जुलाई को फेशियल एस्थेटिक्स पर हैंड्स ऑन सर्टिफिकेट कोर्स, मॉड्यूल -2 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्डा की प्रेरणा से आयोजित कार्यक्रम में 16 दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष और इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ एस्थेटिक ट्रेनिंग में निदेशक डॉ. रजत भंडारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सफलतापूर्वक बोटॉक्स और डर्मल फिलर उपचारों को एकीकृत करने के लिए तैयार करना है। डॉ. भंडारी ने रोगियों पर लाइव प्रदर्शन द्वारा मेसोथेरेपी, फेस लिफ्ट, प्लेटलेट-रिच प्लाज्मा थेरेपी के अलावा डर्मल फिलर्स और बोटुलिनम टॉक्सिन के बारे मे जानकारी दी।

Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 02 (Gzb.) Date. 10th Jul 2019

# कोर्स का समापन हुआ

■ एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद : आईटीएस डेंटल कॉलेज में पेरियोडेंटोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय हैंड्स ऑन सर्टिफिकेट कोर्स का मंगलवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में कॉलेजों के शिक्षकों व स्टूडेंट्स के साथ 16 दंत चिकित्सकों ने भी भाग लिया।